सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 283 | इंदौर, गुरुवार 25 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ओंकारेश्वर में पहली बार होगा पुष्कर महोत्सव, कई संत बनेंगे साक्षी

### श्री महालक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट चेन्नई 1 मई से करेगा महोत्सव का आगाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** पुष्कर महोत्सव एक भारतीय त्यौहार है जो नदियों की पूजा के लिए समर्पित है। यह भारत में 12 प्रमुख पवित्र नदियों के किनारे तीर्थस्थलों पर पूर्वजों की पूजा, आध्यात्मिक प्रवचन, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में मनाया जाता है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जैसा कि कहा गया है, यह दुनिया धार्मिक महत्व की नदियों और झीलों जैसे 35 मिलियन जल निकायों से संपन्न है। पवित्रता के इन जल में स्नान करने से व्यक्ति को दैवीय कृपा का आनंद प्राप्त होता है। जब बृहस्पति ग्रह हर साल एक घर से दूसरे घर में प्रवेश करता है, तो उस घटना को पुष्कर महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक श्री महालक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट की महालक्ष्मी सुब्रमण्यम ने बताया कि यह त्यौहार हर साल भारत की विभिन्न नदियों में मनाया जाता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि भगवान गुरु (बृहस्पति) किस घर में स्थित हैं।

जब 1 मई, 2024 को भगवान गुरु मेष राशि से वृषभ राशि में प्रवेश करते हैं, तो पवित्र पुष्कर महोत्सव श्रद्धा के साथ और निर्दिष्ट नदी में सभी वैदिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में 1 से 12 मई तक भगवान बृहस्पति नर्मदा में वैदिक अनुष्ठान करने वाले श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे। यह ओंकारेश्वर में आदिपुष्कर के रूप में मनाया जाएगा।

## शादी में जा रहे दंपती से लूट, कार रुकवाकर दिया घटना को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम निवासी दंपती के साथ झाबुआ जिले में लूट की घटना हुई है। दंपती रतलाम से कार से मोहनखेड़ा शादी में जा रहे थे। रायपुरिया थाना अंतर्गत हथियारबंद बदमाशों ने कार को रुकवाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। बदमाश सोने के आभूषण लूट कर भाग गए।

रतलाम निवासी राकेश मेहता ने रायपुरिया पुलिस को बताया कि वह मंगलवार सुबह घर से पत्नी को कार में लेकर विवाह समारोह के लिए रवाना हुए थे। रायपुरिया थाने के बोलसा घाट पर चार बदमाशों ने कार रुकवाई। हथियार दिखाकर 40 ग्राम से अधिक के सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद दंपती ने राहगीरों से मदद मांगी। लोगों ने लूट का शिकार हुए दंपती को झाबुआ जिले की झकनावदा चौकी भेजा। इसके बाद चौकी से एक पुलिसकर्मी उनके साथ घटनास्थल पहुंचा। पुलिसकर्मी ने घटनास्थल देख रायपुरिया थाना अंतर्गत स्थल की बात बताई। पुलिसकर्मी दंपती को लेकर थाने पहुंचा। रायपुरिया थाना अधिकारी के अनुसार दंपती के शिकायत परअज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कपड़े की दुकान के ताले तोड़े, शहर में रोज हो रही हैं चोरी की वारदाते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** शहर में चोरों का आतंक जारी है। पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक घरों को निशाना बनाकर बदमाशों ने लाखों के आभूषण व नगदी पर हाथ साफ किया है,वहीं गत रात्रि में कोयला फाटक स्थित कपड़ा दुकान के ताले काट कर बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि विशाल डागा की कोयला फाटक पर राज दरबार नाम से कपड़े की दुकान है। दूसरी मंजिल स्थित उक्त दुकान के नीचे वाहन का शोरूम संचालित होता है। वह सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो शटर व गेट पर लगे ताले नहीं थे। चोरों ने कटर मशीन की मदद से ताले काटे और दुकान में प्रवेश किया। विशाल डागा ने बताया कि रात में दुकान बंद करने से पूर्व गल्ले में सवा लाख रुपये केश रखे थे। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे। चोर वारदात को अंजाम देने के बाद यहां लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को भी चोरी करके ले गए। बदमाश लॉकर को तोड़ कर उसमें से यह डीवीडी और कैमरे की मैमोरी कार्ड भी ले गए।

बड़ी लापरवाही

# बिना सर्वे खोद दी सड़क

## एमवाय अस्पताल परिसर की सड़क निर्माण में आई अड़चनें

@ DGR विशेष

इंदौर। पीडब्ल्यूडी विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एमवाय अस्पताल परिसर की बनने वाली सडक़ के लिए पीडब्ल्यूडी ने बिना सर्वे कराए ही सडक़ खोद डाली और जब यहां नर्मदा पाइप लाइन दिखाई दी तो काम करने से हाथ खड़े कर दिए। आनन-फानन 92 लाख नगर निगम को नर्मदा लाइन शिफ्ट करने का आर्डर दिया गया, लेकिन आचार संहिता इस सडक़ निर्माण में बाधक बन गई। बगैर टेंडर के काम होना मुश्किल ही है और जनता को आचार संहिता समाप्त होने का इंतजार करना पड़ेगा।

एमवाय अस्पताल परिसर की सडक़ अच्छी- भली थी लेकिन इस सडक़ को नए सिरे से बनाने का ठेका 10 करोड़ में दिया गया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बगैर सर्वे कराए यहां सडक़ खुदाई शुरू कर दी और इसके लिए नर्मदा जल प्रदाय विभाग को भी सूचना देना मुनासिब नहीं समझा। जब उन्हें यहां नर्मदा लाइन दिखाई दी तो नर्मदा लाइन शिफ्ट करने के लिए काम रोक दिया गया। बताया जाता है कि अब तक पीडब्ल्यूडी बगैर सर्वे कर ही काम करती आई है और ऐसा उसने यहां पर भी कर दिखाया। दोनों विभागों का तालमेल नहीं होना जनता की परेशानी का कारण बन रहा है।

### बारिश में समस्या होगी विकराल

साढे पांच किलोमीटर बनने वाली 10 करोड़ की सडक़ कछुआ गति से भी धीरे गति से चल रही है । 9 महीने में बनने वाली सडक़ को पूरा साल लग जाएगा। अभी 4 महीने में यहां एक बोरी सीमेंट का भी उपयोग नहीं किया गया है। अधिकारी खुद ही अपनी जुबान से कहते हैं कि यहां पर केवल 20 प्रतिशत ही काम हो पाया है। बारिश के कारण समस्या और विकराल हो सकती है।

### ... तो खोदने की जल्दी क्या थी

इस मार्ग से निकलने वाले और रहवासियों की एक ही आवाज है कि जब सडक़ अभी बनाना नहीं था तो खोदने की इतनी जल्दी क्या थी। कुछ जगह जरुर मरम्मत की आवश्यकता महसूस की जा रही थी लेकिन उसे दूर करने के बजाए सडक़ खोद कर भूल जाना कहां तक सही है।

### सैकड़ों लोग हो रहे परेशान

गीता भवन चौराहे की ओर से एमवाय अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में जाने वाले लोगों की संख्या अच्छी खासी है । रोजाना यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोग परेशान हो रहे है,जिसमें डाक्टर -स्टॉफ और मरीजों के साथ साथ रहवासी भी शामिल है। बताया गया की 10 करोड़ की सडक़ निर्माण के लिए बेटमा के परमार को टेंडर दिया गया है। यहां ठेकेदार ने अपने साथी विजयवर्गीय को सडक़ बनाने की जिम्मेदरी दे डाली।



### मेरे पास कोई अपडेट नहीं

एमवाय अस्पताल परिसर में बनने वाली सडक़ के बारे में मेरे पास कोई अपडेट नहीं है। इस संबंध में एसडीओ से ही जानकारी मिल सकती है।

**- सी. एस. खरत, मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी**

### हमें पाइन पाइन की जानकारी नहीं थी

सडक़ निर्माण के दौरान नर्मदा लाइन की जानकारी नहीं थी और जब सडक़ खुदाई की गई तो इस बात की जानकारी लगी । सडक़ निर्माण के पहले नर्मदा लाइन शिफ्ट किया जाना नगर निगम काम है और इसके लिए ऑर्डर भी हो चुके हैं आचार संहिता के बाद काम शुरू हो जाएगा।

**- रामकुमार सविता, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विभाग**

### जल्दी ही काम शुरु करवांएगे

अभी आचार संहिता लागू है इसलिए अनुमति के लिए चुनाव अयोग से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद काम शुरु हो जाएगा। नर्मदा लाइन शिफ्ट करने में दो ढाई माह लगेगा उसके बाद ही सडक़ निर्माण शुरु हो जाएगा।

-पंखुड़ी जैन दोषी, पार्षद, वार्ड क्रमांक 55

# महिलाओं ने क्रिकेट मैच खेलकर मतदान का दिया संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी  आशीष सिंह के निर्देशन में लगातार अनेक नवाचार किये जा रहे है। मतदाता जागरूकता के लिये स्वीप अभियान लगातार चल रहा है। इस अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने की एक और अनूठी पहल की गई है। यहां महिलाओं ने क्रिकेट खेलकर मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया।**





स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत  सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज इंदौर जिले में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के बीच क्रिकेट मैच का स्वीप गतिविधि के रूप में आयोजन का अभिनव प्रयास किया गया। इन्दौर जनपद पंचायत के ग्राम सिंहासा व ग्राम असरावद खुर्द में  स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की क्रिकेट टीम बनाई गई। इन टीमों द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इन महिला टीमो के मध्य खेल के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता बढाने के लिये प्रयास किये गये। जिसमे दोनों ग्राम की कुल 50 से अधिक महिला सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। ग्राम सिंहासा में दुलादेव स्वयं सहायता समूह एवं भवानी स्वयं सहायता समूह के बीच क्रिकेट खेला गया। जिसमें दुलादेव स्वयं सहायता समूह की टीम विजेता रही। इसी तरह ग्राम असरावद खुर्द में रूद्र स्वयं सहायता समूह और बजरंगबली स्वयं सहायता समूह के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें विजेता रूद्र समूह रहा। उपरोक्त आयोजन के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनावो में अधिक से अधिक मतदान को बढ़ावा देना साथ ही मैच समाप्ति के पश्चात समूह की महिलाओ में मतदान करने की शपथ ली गयी। संकल्प लिया गया कि वे घर-घर जाकर समस्त मतदाताओ से सम्पर्क कर 13 मई को होने वाले मतदान में मतदान हेतु प्रेरित करेगी। सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वीप गतिविधी के रूप में क्रिकेट मैच आयोजन के नवाचार की प्रशंसा की है एवं आशा व्यक्त की है कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा स्वीप अन्तर्गत क्रिकेट में भागीदारी जिले की समस्त महिलाओं को मतदाता के रूप में लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाने को प्रेरित करेगी।

## 37 दिन में 244 करोड़ से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी  अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 22 अप्रैल तक प्रदेश में 19 करोड़ 54 लाख 85 हजार 81 रुपये नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख 10 हजार 762 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन-2019 में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता अवधि में मात्र 37 दिन में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य की विभिन्न अवांछित सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं। 22 अप्रैल तक 22 लाख 72 हजार 657 लीटर से अधिक मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 77 लाख 34 हजार 911 रुपये है। इसी तरह 22 करोड़ 23 लाख 46 हजार 953 रुपये मूल्य के 16 हजार 715 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 11 करोड़ 59 लाख 64 हजार 619 रुपये मूल्य की 2 हजार 144 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 157 करोड़ 39 लाख 79 हजार 198 रुपये मूल्य की अन्य मूल्यवान सामग्री भी जब्त की गई हैं।

### इंदौर की नंबर-1 रैंकिंग पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार का बयान

# सफाई में सबसे ज्यादा नंबर कैसे लाते हैं, आप भी जानते हैं, महापौर ने दिया जवाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में कांग्रेस की पहली चुनावी सभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने इंदौर की स्वच्छता को लेकर कहा कि ह्यसफाई में सबसे ज्यादा नंबर कैसे लाते हैं, यह आपको भी अच्छे से पता है। इस बयान को महापौर ने पलटवार किया और इसे इंदौर का अपमान बताया। सार्वजनिक माफी की मांग की। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली के बाद मोतीतबेला में बुधवार दोपहर यह सभा हुई थी।**

नगर निगम के घोटालों का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि ह्यसफाई में सबसे ज्यादा नंबर तो आप (इंदौर) ले आते हैं, लेकिन वो नंबर कैसे आते हैं, ये आप लोगों को अच्छे से पता है। नगर निगम में ड्रेनेज की पाइप लाइन में घोटाला हो गया। अभी एक और घोटाला आपके यहां पकड़ाया है। अफसर सस्पेंड हुए। अगर नगर निगम में ऐसे बड़े घोटाले होंगे, तो इंदौर का भविष्य कैसा होगा ये आप समझ सकते हैं। आपको सबसे पहले नगर निगम से स्वच्छता शुरू करना पड़ेगी।

उन्होंने पेंशन घोटाले की फाइलें दबाने के आरोप भी भाजपा नेताओं पर लगाए। इस दौरान मंच पर प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सदस्य विवेक तनखा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव, प्रत्याशी अक्षकांति बम भी थे।

### सिंघार के बयान पर महापौर भडक़े, बोले- यह इंदौर का अपमान

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कांग्रेस नेता उमंग सिंघार के बयान के बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि सिंघार इंदौर की जानता का और सफाई मित्रों का अपमान न करें। जो अपमान उन्होंने किया है, उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पूरे देश में कांग्रेस के लिए कोई उमंग नहीं है, जो कांग्रेस के उमंग यहां कर रहे हैं, वो भी नहीं बचेगा। यह बयान विनाशकाले विपरीत बुद्धि का प्रमाण है। वे इंदौर की स्वच्छता प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। जो बची कुची कांग्रेस है, अब 13 मई को उसकी भी सफाई हो जाएगी।

### सभा में पटवारी ने सांसद पर साधा निशाना, कहा- समाज के नाम टिकट ले आते हैं

सभा के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी संबोधित किया। उनके निशाने पर भाजपा सांसद शंकर लालवानी थे। उन्होंने निष्क्रिय बताते हुए कहा कि सांसद ने शहर के किसी वार्ड का दौरा नहीं किया। कभी केंद्र में आवाज नहीं उठाई। सिर्फ फोटो खिंचाना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी को भगवान बताकर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। समाज के नाम पर जैसे-तैसे टिकट ले आते हैं लेकिन पांच साल तक कोई काम नहीं करते हैं। ये हमारे लिए सामान्य चुनाव नही हैं। मोदी जी की पांच गारंटी आज तक पूरी नहीं हुई।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## छह जोड़ों का हुआ विवाह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज केन्द्रीय समिति का 29 वां भव्य सामूहिक विवाह गांधी हाल परिसर में सम्पन्न हुआ।  केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नारायण गायकवाड एवं रंजीत जगताप ने बताया कि सम्मेलन में छह जोडे परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में शामिल होने वाले जोडों से नाममात्र का शुल्क लिया गया। सम्मेलन में सभी नवयुगल जोडों, अतिथियों, बराती-घरातियों को मतदान के अधिकार का प्रयोग सत-प्रतिशत करने की शपथ दिलायी गयी।

सामूहिक विवाह समारोह के अध्यक्ष सुभाष निकुमकर ने बताया कि सम्मेलन में समाज के अलग-अलग समाजसेवियों द्वारा नवविवाहित जोडों को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप दिया गया । यह आयोजन समाज में समरसता लाने के उद्देश्य से विगत 28 वर्षों से अनवरत किया जा रहा है। सम्मेलन को सफल बनाने में अनिल पंवार, लक्की टपाल, यशवंत पंवार, राजेश सासदिये, पवन सिरसाट, लखन अडाव, भैया बावस्कर, जीतू कामले, जीवन सोनाने, गोपाल जाधव, संदीप मोरे, मनोज कामले सहित महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती डिम्पल कामले, श्री सुलोचना भडंगे, श्रीमती संगीता मोरे, श्रीमती नयन हिंगेकर, श्रीमती सीमा पंवार का विशेष योगदान रहा।

## 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल

**इंदौर।** इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के छटवें दिन आज 5 उम्मीदवारों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। आज  सुनील कुमार अहिरवार (निर्दलीय), अयाज अली (निर्दलीय), अक्षय बम(इंडियन नेशनल कांग्रेस),  पवन कुमार (अखिल भारतीय परिवार पार्टी) तथाअभय कुमार जैन (निर्दलीय) द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। इन्हें मिलाकर अब तक 15 उम्मीदवार नाम निर्देशन पत्र जमा कर चुके है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल (गुरूवार) है। कलेक्टर कार्यालय में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) का कार्य 26 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को होगा। अभ्यर्थी 29 अप्रैल 2024 (सोमवार) तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। जिले में 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा और 4 जून (मंगलवार) को मतगणना होगी।

## फाल्गुनी पवार ने 12वीं में मेरिट लिस्ट में पाया तीसरा स्थान

**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम बुधवार शाम चार बजे घोषित हुआ। दसवीं का परिणाम 58.10 प्रतिशत तो 12वीं का 64.49 प्रतिशत रहा। इस वर्ष 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इंदौर की फाल्गुनी पवार ने 12वीं में 96.2 प्रतिशत अंक लाकर मेरिट लिस्ट में तीसरा स्थान बनाया।

# कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अक्षय बम ने भरा नामांकन

## पहले लिया पिता का आशीर्वाद फिर किया मां अहिल्या को नमन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अक्षय कांति बम ने आज सादगी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने सबसे पहले अपने पिता का आशीर्वाद लिया फिर इंदौर की लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को नमन किया।**

इंदौर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अक्षय बम ने बुधवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेताओं की उपस्थिति में बिना शोर शराबे के अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले बम ने घर पर अपने पिता कांतिलाल बम से आशीर्वाद लिया। उनके पिता ने उन्हे श्री फल देकर श्री प्राप्त करने का आशीष दिया। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी राजवाड़ा स्थित माता अहिल्या की प्रतिमा पर पहुंचे। जहां उन्होंने कई नेताओं के साथ माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां से डॉ बम मोती तबेला में कांग्रेस के सभा स्थल पर पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और महिला कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद विवेक तनखा, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार सहित कांग्रेस के पार्षद और पूर्व विधायक उपस्थिति थे। यह पहला अवसर था जब नामांकन दाखिल करने के लिए ढोल ढमाका का शोर नहीं था।

मोती तबेला पर हुई सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भाषण देश के लिए चिंता का विषय है। विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार ने कहा कि इंदौर नगर निगम घोटालों का केंद्र हो गया है। पहले पेंशन घोटाला हुआ था अब फिर से एक नया घोटाला सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भाजपा तो चुनाव ही बंद करना चाहती है। इसके लिए हमें संघर्ष करना होगा। सांसद विवेक तनखा ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस के बैंक के खाते बंद कर दिए गए। ताकि कांग्रेस यह चुनाव ही नहीं लड़ सके। हमारे देश के संविधान में जो चुनाव का प्रावधान है उस पर संकट है। इस बार देश के नागरिकों को सोच समझकर अपने मताधिकार का उपयोग करना है।

इसके पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अक्षय बम ने कहा कि यह चुनाव परिवर्तन का होगा क्योंकि आज किसान, युवा परेशान हैं। इसके साथ ही महंगाई भी एक बडा मुद्दा बन गया है। कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर मैदान में है। सभा में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता महिला कार्यकर्ता एवं ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। यहां से डॉ अक्षय बम कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## व्यापमं घोटाले की जांच को लेकर लगाई पूर्व विधायक सखलेचा की याचिका खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर हाईकोर्ट ने प्रदेश के चर्चित व्यापमं घोटाले की जांच को लेकर लगाई गई पूर्व विधायक पारस सखलेचा का याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने माना कि याचिका गलत धारणा के साथ प्रस्तुत की गई है। याचिकाकर्ता के पास इसे दायर करने का वैधानिक अधिकार भी नहीं है।

रतलाम के पूर्व विधायक याचिकाकर्ता पारस सखलेचा ने हाईकोर्ट में व्यापमं की लंबित जांच को लेकर याचिका लगाई थी। जिसमे उन्होंने कहा था कि व्यापमं घोटाले को 9 वर्ष बीत चुके है, लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हुई है। उन्होंने मांग की थी कि केंद्र व राज्य सरकार को आदेश दिया जाए कि तय समय सीमा में व्यापमं घोटाले की जांच होना चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से वकील हिमांशु जोशी और अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने याचिका निरस्त करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद याचिका निरस्त कर दी

### इंदौर से उजागर हुआ था व्यापमं घोटाला

9 साल पहले व्यापमं घोटाला इंदौर से उजागर हुआ था। प्री मेडिकल टेस्ट देने आए 20 नकली अभ्यार्थियों को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया था। इस घोटाले का मास्टर माइंड जगदीश सागर था, जो संगठित रैकेट से घोटाले को अंजाम दे रहा था। घोटाले की जांच पहले राज्य सरकार ने विशेष कार्यबल (एसटीएफ) को सौपी थी। बाद में घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस मामले में पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा भी शामिल थे।

# मिट्टी के बगैर खेती! हाइड्रोपोनिक प्रणाली से होने वाली खेती बागवानी चुनौतियों से निपटने में मददगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विश्व में जलवायु परिवर्तन की वजह से फसल उत्पादन में तमाम तरह की चुनौतियां देखने को मिल रही हैं। यही नहीं, बढ़ते शहरीकरण से खेती का रकबा भी सिकुड़ रहा है। ऐसे में, हाइड्रोपोनिक प्रणाली से होने वाली खेती-बागवानी इन चुनौतियों से निपटने मददगार साबित हो सकती है। इसका उद्देश्य खुली जगहों की कमी को देखते हुए छात्रों को बिना मिट्टी के सब्जियों की खेती करने में सक्षम बनाना है।**



ये बातें इंदौर में हाइड्रोपोनिक खेती पर आयोजित सेमिनार में एक्सपर्ट एग्रीकल्चर रिसर्चर भाग्यश्री ओझा दुबे ने कही। बता दें कि इंडेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज और आईआईडीएस द्वारा हाइड्रोपोनिक खेती पर सेमिनार का आयोजन किया गया। भाग्यश्री ने छात्रों को हाइड्रोपोनिक खेती और सब्जियों में पीएच स्तर और पोषक तत्वों का प्रबंधन करना भी सिखाया। उन्होंने बताया कि हाइड्रोपोनिक या मिट्टी के बगैर खेती की यह तकनीक आज से नहीं, बल्कि सैकड़ों सालों से अपनाई जाती रही है। 600 ईसा पूर्व भी बेबीलोन में हैंगिंग गार्डन हुआ करते थे, जिसमें मिट्टी के बिना ही पौधे लगाए जाते थे। 1200 सदी के अंत में मार्को पोलो ने चीन की यात्रा के दौरान वहाँ पानी में होने वाली खेती देखी गई।

इस अवसर पर आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. रौली अग्रवाल ने भाग्यश्री ओझा दुबे को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इसमें विभिन्न फसलों के साथ सब्जियों की खेती के बारे में सहायक निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह, अजय कुमार गौड़ और डॉ. शिवम कुमार ने भी जानकारी दी। इसके अलावा पौधों को सटीक पोषक तत्व मिल सके, इसकी भी उन्हें जानकारी दी गई। इसमें विशेष बात यह है कि हाइड्रोपोनिक खेती करते हुए पानी की रीसाइक्लिंग करना भी सीखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अक्सर हम सोचते हैं कि पेड़-पौधे उगाने और उनके बड़े होने के लिए खाद, मिट्टी, पानी और सूर्य का प्रकाश जरूरी है, लेकिन असलियत यह है कि फसल उत्पादन के लिये सिर्फ तीन चीजों- पानी, पोषक तत्व और की जरूरत है। देखा गया है कि इस तकनीक से पौधे मिट्टी में लगे पौधों की अपेक्षा 20-30% बेहतर तरीके से बढ़ते हैं। इसकी वजह यह है कि पानी से पौधों को सीधे-सीधे पोषण जाता है और उसे मिट्टी में इसके लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता है। साथ ही, मिट्टी में पैदा होने वाले खरपतवार से भी इसे नुकसान नहीं होता है।

# आज 8000 कांग्रेसी भाजपा में शामिल होंगे, सीएम आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा ने इंदौर में कांग्रेस को बड़ा झटका देने की तैयारी कर ली है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री मोहन यादव की उपस्थिति में आठ हजार से ज्यादा कांग्रेसी भाजपा में शामिल होंगे। कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र एक स्थित दलाल बाग मैदान पर होगा।**

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में इंदौर विधानसभा क्षेत्र एक, देपालपुर, बेटमा, गौतमपुरा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंदौर नगर निगम के कई वर्तमान पार्षद, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, सेवादल के पदाधिकारी, सरपंच आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री दलाल बाग से कलेक्टर कार्यालय चौराहा पहुंचेंगे। वे वहां भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लालवानी का नामांकन फार्म जमा कराएंगे। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि दलाल बाग में होने वाले कार्यक्रम में कांग्रेस के कई बड़े नाम भाजपा में शामिल होंगे। पार्षदों के अलावा कई पूर्व पार्षदों, सरपंचों से अंतिम दौर की चर्चा चल रही है। कई बड़े नेता सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी रितेश तिवारी और सह प्रभारी नितिन द्विवेदी ने बताया कि कलेक्टर चौराहा पर होने वाली मुख्यमंत्री की सभा में 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यकर्ता पंचायत भवन के पास इकट्ठा होंगे। कार्यक्रम की सूचना कार्यकर्ताओं को टेलीफोन के माध्यम से दे दी गई है। इंदौर विधानसभा क्षेत्र एक और देपालपुर क्षेत्र के कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल करने में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ी भूमिका निभाई है। करीब एक माह से यह मशक्कत चल रही थी। पहले यह कार्यक्रम एक सप्ताह पहले होने वाला था, लेकिन कुछ बड़े नामों को शामिल करने के लिए इसे आगे बढ़ा दिया गया। सिर्फ इंदौर विधानसभा क्षेत्र एक और देपालपुर ही नहीं, अन्य विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख कांग्रेसी कार्यकर्ता और स्थानीय नेताओं पर भी भाजपा की निगाहें हैं। दरअसल, भाजपा की रणनीति कांग्रेसियों का मनोबल तोड़ना है। यही वजह है कि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेसियों के मन टटोलने की जिम्मेदारी भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को दी है। गुरुवार को दलाल बाग में होने वाले कार्यक्रम में इन नेताओं के अचानक सामने आकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इनके नाम इसलिए जाहिर नहीं किए जा रहे हैं।

# इंदौर में तेंदुए ने वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला किया, बाद में दम तोड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के पास जानापाव में मंगलवार को एक तेंदुए ने वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि यहां पर तेंदुआ घायल अवस्था में है और अधिकारियों के साथ कई कर्मचारी उसे पकड़ने के लिए गए थे। उसी समय तेंदुए ने एक कर्मचारी पर हमला कर दिया। बाद में तेंदुए ने इंदौर के जू में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।**

डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जानापाव पहाड़ी के नजदीक पंचमुखी हनुमान मंदिर के नजदीक बीते तीन दिनों से तेंदुए का मूवमेंट था। सूचना मिलने पर इंदौर से डीएफओ, रेंजर और डॉक्टर सहित पूरी टीम पहुंच गई थी। ग्रामीणों ने उसे देखा था और वह लंगड़ाकर चल रहा था। ग्रामीणों ने वीडियो शेयर किया तो वन विभाग ने माना कि तेंदुआ घायल है और उसके पैर में चोट होने से चलने में दिक्कत है। इसके चलते उसकी सर्चिंग की गई तो वह उसी क्षेत्र में बुधवार को मिल गया। एक्सपर्ट ने सलाह दी कि इसे रेस्क्यू करके लाना होगा और इलाज करना होगा।

तेंदुए का मूवमेंट लगातार नजर आ रहा था। मंगलवार को पिंजरा लगाया पर सफलता नहीं मिली। आज बुधवार को रेस्क्यू कर पकड़ा गया है साथ ही तेंदुए के पैर में चोट लगी थी जिसे इलाज के लिए इंदौर जू ले जाया गया। यहां पर इसका इलाज किया पर उसने दम तोड़ दिया। वन विभाग अधिकारी ने कहा कि घायल तेंदुए के रेस्क्यू के लिए इंदौर से टीम आई थी। जैसे ही तेंदुआ ट्रेस हुआ तो उसे ट्रेंकुलाइज करने के लिए शॉट गन की पोजिशन ली जा रही थी, तभी उसने झपट्टा मारकर वन पाल सोहनलाल के हाथ में दांत गढ़ा दिए। हालांकि तेंदुए को सही तरीके से बेहोश कर लिया गया था। वह पहले से घायल था और उसने इंदौर जू में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### एमजीएम ऑडियो कांड-सर्जरी हेड ने की पुलिस को शिकायत

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. मनीष कौशल ने ऑडियो कांड को लेकर संयोगितागंज पुलिस को शिकायत की है। उन्होंने बताया कि मेरे डेढ़ माह पुराने ऑडियो के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। इसमें ऑडियो को एमबीबीएस की सर्जरी प्रेक्टिकल से जोड़ा गया। यह बताने कि कोशिश की कि मेरे निर्देश पर 41 छात्रों को फेल किया गया।

**गुना में भावुक हुईं प्रियदर्शनी राजे महिलाओं से बोलीं-**

# महाराज हमेशा आपको पूछते हैं, आप नहीं पिछला चुनाव हार गए थे सिंधिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया गुना में प्रचार के दौरान भावुक हो गईं। उन्होंने महिलाओं के एक कार्यक्रम में कहा, ह्यमहाराज आपको हमेशा पूछते हैं कि सब ठीक है, आप कभी उनको नहीं पूछते। प्रियदर्शनी 15 दिन से लोकसभा क्षेत्र में प्रचार कर रही हैं। वे डोर टू डोर लोगों से मिल रही हैं। बुधवार को उन्होंने गुना विधानसभा के कई इलाकों का दौरा किया। शहर से सटे कंचनपुरा से उन्होंने प्रचार की शुरूआत की। यहां उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के साथ बैठक की। बता दें, ज्योतिरादित्य सिंधिया 2019 का चुनाव भाजपा प्रत्याशी केपी यादव से हार गए थे। तब सिंधिया कांग्रेस के टिकट पर लड़े थे। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह यादव से है।

### महिलाओं से कहा- हमारा घर यहां, वो जाते भी तो कहां जाते

प्रियरदर्शनी ने कंचनपुरा में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्यजिसे काम करवाना पड़ता है, उसे बहुत झेलना पड़ता है। आप बताइए, आप खेती करते हैं, एक दिन में खेती निकलता है क्या? कभी रोना पड़ता है, कभी हंसना पड़ता है। महाराज आकर आपको पूछते हैं न कि आपकी खेती ठीक है, सब ठीक है, हो रहा है न काम...। आप लोग कभी महाराज से पूछते हैं? कभी नहीं पूछते महाराज को...।

उन्होंने आगे कहा, ह्यइस बार मैं फिर आई हूं। जब महाराज आपके बीच आते थे, तो मैं बोलती थी कि क्यों जा रहे हैं आप? महाराजा ने बोला कि उनके पास नहीं जाऊंगा तो मैं कहां जाऊंगा, उनका काम नहीं करूंगा तो कौन करेगा? लेकिन, जब आप ये ताकत उनके हाथ से निकाल देते हैं, तो फिर आप भी कैसे जा सकते हैं उनके पास...। हमारा 300 वर्ष का रिश्ता है। महाराज क्यों यहां वापस आए? क्योंकि, हमारा घर यहां है। आप सब लोग यहां हैं, वो जाते भी कहां जाते।

## सचिन पायलट उज्जैन मंदसौर में रोड शो करेंगे

**देवास में चुनावी सभा में शामिल होंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट 25 अप्रैल को मध्यप्रदेश आएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में यह उनका पहला एमपी दौरा होगा। पायलट गुर्जर बहुल सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। वे देवास लोकसभा की सोनकच्छ विधानसभा के बालोन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उज्जैन और मंदसौर में कांग्रेस प्रत्याशी की नामांकन रैली में शामिल होंगे। सभा को भी संबोधित करेंगे।

**ऐसा रहेगा पायलट का प्रोग्राम...** पीसीसी चीफ पटवारी, सचिन पायलट, अरुण यादव और विवेक तन्खा हेलिकॉप्टर से सुबह 9.30 बजे भोपाल से रवाना होकर सुबह 10.30 बजे उज्जैन पहुंचेंगे। प्रत्याशी महेश परमार की नामांकन रैली के बाद जनसभा में शामिल होंगे।

दोपहर 12.30 बजे उज्जैन से हेलिकॉप्टर से रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे मंदसौर पहुंचेंगे। यहां प्रत्याशी दिलीप गुर्जर की नामांकन रैली में शामिल होंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे।

दोपहर 3 बजे मंदसौर से रवाना होंगे। दोपहर 3.40 बजे सोनकच्छ विधानसभा के बालोन पहुंचकर कांग्रेस के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5.30 बजे बालोन से हेलिकॉप्टर से रवाना होकर शाम 6 बजे भोपाल लौटेंगे।

## कर्ज से परेशान होकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। कमल कालोनी में रहने वाले एक युवक ने कर्जदारों से परेशान होकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित पिता राजकुमार आयु 28 वर्ष निवासी कमल कालोनी बचपन से अपने नाना नानी के घर रहता था। उसके माता पिता कानीपुरा में रहते हैं। सुमित ने गत रात्रि में सल्फास की गोली खा ली। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि वह कर्जदारों से परेशान था और कर्जदार आए दिन घर आकर रुपयों की मांग करते थे। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जॉच की जा रही है।

## हरदा की युवती को धोखे से उज्जैन लाकर रेप

**4 युवतियों समेत 8 गिरफ्तार; इंदौर में रहकर चला रहे थे सेक्स रैकेट**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। हरदा की युवती को धोखे से उज्जैन लाकर रेप करने का मामला सामने आया है। 8 आरोपियों ने युवती को महाकाल रेस्ट हाउस भेजा। यहां इनमें से एक युवक ने उसके साथ रेप और मारपीट की। पुलिस ने आरोपी 4 युवक और 4 युवतियों को गिरफ्तार किया है।**

आरोपी युवतियां उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और दिल्ली की रहने वाली हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपी इंदौर में रहकर सेक्स रैकेट चला रहे थे। पीड़ित बुधवार को नागझिरी थाने पहुंची। उसने बताया कि आरोपी उसके जान-पहचान वाले हैं। उसे काम दिलाने का कहकर उज्जैन लाए थे। उन्होंने जबरदस्ती उसे देह व्यापार में धकेलना चाहा। विरोध करने पर मारपीट की।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि गिरोह के गौरव भारती निवासी इंदौर, अमन पवार निवासी उज्जैन, रेप के आरोपी उज्जैन निवासी गोविंद पालीवाल समेत 8 को अरेस्ट किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि झारखंड, बिहार, दिल्ली और यूपी की रहने वाली युवतियां फिलहाल इंदौर में रहकर वेडिंग इवेंट मैनेजमेंट का काम कर रही थीं। इनके साथ रैकेट में शामिल कुछ लडके भी काम करते हैं। इन सभी ने मिलकर हरदा से युवती को 20 अप्रैल को बुलाया था। इंदौर से उज्जैन लेकर आए। महाकाल रेस्ट हाउस में क्लाइंट के पास भेजा। गोविंद पालीवाल उसे दो दिन तक साथ रखकर रेप करता रहा। पुलिस के मुताबिक, मारपीट से युवती के कपड़े फट गए थे। आरोपी उसे दूसरे क्लाइंट के पास भेजना चाहते थे। ऐसे में वे उसे कपड़े दिलाने के लिए मार्केट लेकर पहुंचे। यहां से मौका देखकर युवती फरार हो गई। वह सीधा थाना पहुंची।

**ट्रेन के इंजन के नीचे फंसा युवक**

## झांसी-इटावा एक्सप्रेस के आगे कूदा, दोनों पंजे कटे, एम्बुलेंस खराब थी तो तड़पता रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंजन के नीचे फंसे युवक का वीडियो सामने आया है। 19 सेकंड के इस वीडियो में वह जिंदगी की आस में लोगों की ओर निहार रहा है। युवक सुसाइड करने के इरादे से झांसी-इटावा एक्सप्रेस के आगे कूदा था। उसे देखते ही ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। हादसे में युवक के दोनों पंजे कट गए। आरपीएफ, जीआरपी और कुलियों ने उसे बाहर निकाला। स्टेशन की एम्बुलेंस खराब थी। ऐसे में वह सवा घंटे तक प्लेटफॉर्म पर ही तड़पता रहा।**

### रोजगार नहीं होने पर जान देने का प्रयास

राकेश शाक्यवार (25) भिंड का रहने वाला है। मंगलवार शाम 7.22 बजे झांसी-इटावा लिंक एक्सप्रेस ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर आ रही थी। राकेश दौडकर आया और ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। डिप्टी एसएस अखिलेश तिवारी, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह राजावत और जीआरपी टीम मौके पर पहुंची।

शाम 7.22 बजे 108 एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन 1.20 घंटे बाद 108 एम्बुलेंस पहुंची। घायल को एम्बुलेंस ने जेएएच में भर्ती कराया। पता चला है कि युवक के पास कोई काम नहीं है। वह रोजगार की तलाश में है। गृह क्लेश से भी तंग है। इसी से हताश होकर उसने जान देने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि युवक के पूरी तरह होश में आने पर उससे पूछताछ की जाएगी। एम्बुलेंस को मंगलवार शाम 7.22 बजे कॉल किया गया। पता चला कि खराब है। रात 8.42 पर एम्बुलेंस पहुंची। डेढ़ घंटे तड़पने के बाद युवक को अस्पताल ले जाया गया।

**स्टेशन एम्बुलेंस का ड्राइवर बोला- गाड़ी खराब है-** डिप्टी एसएस ने जब रेलवे स्टेशन पर खड़ी एम्बुलेंस को कॉल किया तो उसके ड्राइवर ने बताया कि वह खराब है। ठीक कराने के लिए वर्कशॉप भेजा है, जबकि दूसरी एम्बुलेंस के बारे में बताया गया कि एक मरीज को लेने गई है। इसके बाद 108 के जिला प्रबंधक गोपाल नेगी और सीएमएचओ को बताया, तब जाकर रात 8.42 बजे एम्बुलेंस घायल को लेने पहुंची।

### एम्बुलेंस क्यों लेट हुई जांच कराई जाएगी

108 एम्बुलेंस के नोडल अधिकारी आईपी निवारिया ने बताया कि नियम के तहत कॉल आने पर 20 मिनट के अंदर संबंधित स्पॉट पर एम्बुलेंस पहुंचना चाहिए। रेलवे स्टेशन में ट्रेन से घायल हुए यात्री को भर्ती कराने के लिए पहुंचने में देरी क्यों हुई? इस मामले की जांच कराई जाएगी।

## कार पलटी, दो की मौत

**बारात में शामिल होने जा रहे थे नागदा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम सैलाना के बीच धामनोद के साई मंदिर के समीप रांग साइड से आ रहे बाइक सवार को बचाने में एक कार पलटी खाते हुए खाई में जा गिरी। कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि पांच पलटी खाते हुए खाई में गिरी। घटना में कार में सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। राजस्थान के बांसवाड़ा के आम्बावाड़ी क्षेत्र के अल्ताफ (23) पिता सलीम मंसूरी एवं अयान (18) पिता इकबाल मंसूरी सहित तीन युवक बांसवाड़ा से अपने रिश्तेदार की बारात में मंगलवार को उज्जैन जिले के नागदा के ग्राम बछोडा जा रहे थे। इसी बीच रतलाम जिले के धामनोद मार्ग स्थित साई मंदिर के सामने रांग साइड से आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई। इस कारण सीधे 10 फीट खाई में चार से पांच पलटी खा गई।

धामनोद चौकी प्रभारी और प्रधान आरक्षक दिलीप देसाई ने आसपास के रहवासियों की मदद से घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला। एम्बुलेंस से रतलाम मेडिकल कॉलेज भिजवाया। ड्यूटी डॉक्टर ने अल्ताफ और अयान को मृत घोषित किया।

दुर्घटना में अल्ताफ के बड़े भाई अलविश एवं समीर पिता जाकिर मंसूरी को भी गंभीर चोटें आई है। जिनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। कार में मृतक अयान का भाई सोनू उर्फ अबरार पिता इकबाल मंसूरी भी सवार था जिसे मामूली चोटें आई है। इधर पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भेजी है।

## कार पेड़ से टकराई, 7 माह के नवजात की मौत

**खंडवा।** ओंकारेश्वर दर्शन के लिए महाराष्ट्र से आए लोगों की कार पेड़ से टकरा गई। सात लोग इसमें सवार थे। सात माह के नवजात की मौके पर ही मौत हो गई। 6 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा बहुत खतरनाक बताया जा रहा है। सभी लोग ओंकारेश्वर भगवान के दर्शन कर लौट रहे थे। सामने से तेज कार आ रही थी। उसे बचाने के चक्कर में यह हादसा हुआ। हादसे में कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे को देखने वाले लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस बुला ली। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कार में महाराष्ट्र का परिवार सवार था। गणेश पिता जयसिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तीर्थनगरी ओंकारेश्वर दर्शन के लिए आए थे। उनकी गाड़ी मोरटक्का के पास पहुंची तो ड्राइवर ने देखा कि सामने एक दूसरी कार तेज गति से आ रही है। ड्राइवर उसे बचाने की कोशिश में कार का स्टियरिंग मोड़ दिया। स्पीड में स्टियरिंग मुडने से ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी सामने जाकर पेड़ से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में 7 महीने के कुणाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

## संपादकीय

### समस्या को लेकर गंभीर नहीं

दिल्ली में भलस्वा, गाजीपुर और ओखला स्थित कचरा पट्टियों पर जितने बड़े पैमाने पर अपशिष्ट जमा होता गया है, उससे आसपास के इलाकों में कई तरह की समस्याएं पैदा हो गई हैं। सोमवार को गाजीपुर कचरा पट्टी में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में अठारह घंटे लग गए। कचरे के निपटान की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित नागरिक निकाय की है। मगर सवाल है कि उसकी निगरानी करने और पूरे कचरे के निपटान या प्रबंधन को सुनिश्चित करने का दायित्व किसका है? देश की राजधानी और व्यवस्था के स्तर पर अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा बेहतर होने के दावे के बावजूद अगर दिल्ली में कई जगह कचरे के पहाड़ खड़े दिखते हैं, तो यह अपने आप में एक अफसोसनाक तस्वीर है। विडंबना है कि लंबे समय से इस समस्या के उत्तरोत्तर गंभीर होते जाने और कई बार बड़ा मुद्दा बनने के बाद भी अब तक इसका हल निकालने की कोई गंभीर पहल नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर हैरानी जताई है कि दिल्ली में हर रोज ग्यारह हजार टन ठोस शहरी अपशिष्ट पैदा होता है, जिसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं किया जाता। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट पर कहा कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 को लागू हुए आठ साल गुजर चुके हैं, मगर अब तक दिल्ली में इस पर ठीक से अमल नहीं हुआ है। दिल्ली में उपराज्यपाल और सरकार के बीच जिस तरह की खींचतान चलती रहती है, उसमें इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाएगा! सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और दिल्ली छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया है। क्या इन इकाइयों को अपने दायित्व का अहसास नहीं है? यह समझना मुश्किल नहीं है कि दिल्ली में अगर रोजाना ग्यारह हजार टन अपशिष्ट निकलता है और उसमें से तीन हजार टन कचरे का उचित निपटान नहीं हो पाता, तो आखिर उसका क्या होता है और आसपास के इलाकों की आबोहवा पर उसका क्या असर पड़ता होगा।

### अर्ज़ किया है..!

*तुझ से बिछड़ूँ तो तिरी*
*ज़ात का हिस्सा हो जाऊँ*
*जिस से मरता हूँ उसी*
*ज़हर से अच्छा हो जाऊँ*

*-अहमद कमाल परवाज़ी*



### ओशो कहिन

**सवाल ये नहीं है कि कितना सीखा जा सकता है, इसके उलटा, सवाल ये है कि कितना भुलाया जा सकता है.**

## धर्म-कर्म

# घर में मकड़ी का जाला होना शुभ या अशुभ, जानें क्या कहता है वास्तु?

वास्तु के अनुसार,घर की पॉजिटिविटी बढ़ाने के लिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। लेकिन अक्सर घर की अच्छे से क्लीनिंग करने के बावजूद छत और कोनों पर लगे जले को नजरअंदाज कर देते हैं। जिससे घर में वास्तुदोष उत्पन्न हो सकता है। कहा जाता है कि घर में मकड़ी का जाला ज्यादा लगने से परिवार के सदस्यों को लाइफ में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। घर में हमेशा धन की तंगी रह सकती है। कार्यों में बाधाए आ सकती हैं। परिजनों के स्वभाव में आलस्य, चिड़चिड़ापन और नेगेटिविटी बढ़ सकती है। आइए विस्तार से जानते हैं घर में मकड़ी का जाला लगे रहने से क्या प्रभाव पड़ता है?



### वास्तु के नियम

1. वास्तु के अनुसार, बेडरूम में मकड़ी का जाला लगने से मानसिक तनाव बढ़ता है। पति-पत्नी के बीच हमेशा अनबन की स्थिति बनी रहती है और वैवाहिक जीवन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।
2. वास्तु के मुताबिक, लंबे समय तक घर के कोनों पर मकड़ी का जाला लगने से परिवार के सदस्यों को धन से जुड़ी दिक्कतें बनी रहती है और धीरे-धीरे धन हानि होने लगता है।
3. घर के मंदिर में भी मकड़ी का जाला कभी न लगने दें। भगवान की तस्वीरों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। मान्यता है कि मंदिर में जाला लगना व्यक्ति के दुर्भाग्य का कारण बन सकता है।
4. किचन में मकड़ी का जाला लगना भी अशुभ होता है। मान्यता है कि इससे परिवार के सदस्यों को हमेशा किसी न किसी से बीमारी का सामना करना पड़ता है। इसलिए किचन में गैस और सिंक के नीचे लगे जाले को समय-समय पर साफ करते रहें।

### मकड़ी का जाला बढ़ाता है वास्तु दोष

मान्यता है कि घर में मकड़ी का जाला लगने से वास्तु दोष उत्पन्न होता है। जिसके कारण पारिवारिक जीवन में अक्सर तनाव की स्थिति बन सकती है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। घर-परिवार में अशांति का माहौल रहता है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि की कभी आती है। इसलिए घर में कोनों पर मकड़ी का जाला दिखने पर इसे तुरंत हटा दें।

New Delhi

# बिहार से यूपी तक अगले तीन दिन भीषण गर्मी और लू का कहर, इन राज्यों में जमकर होगी बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। हालांकि कुछ राज्यों में भारी बारिश ने मौसम खुशगवार जरूर कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने अपने बुलेटिन में कहा है कि बिहार, पूर्वी और पश्चिम उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत कई राज्यों में 28 अप्रैल तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। उधर, त्रिपुरा में लू की स्थिति के मद्देनजर सरकार ने आदेश जारी किया है कि राज्य के सभी स्कूल 24 से 27 अप्रैल तक बंद रहेंगे।

मौसम विभाग ने बताया कि अरुणाचल, असम और मेघालय में भारी बारिश हुई। हिमाचल, पूर्वी यूपी, झारखंड, एमपी और विदर्भ में भी ओलावृष्टि देखी गई। वहीं, पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों, सिक्किम, ओडिशा, रायलसीमा, उत्तर और दक्षिण कर्नाटक में लू का कहर जारी है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अरुणाचल में 24, 27 28 और असम और मेघालय में 28 को भारी बारिश हो सकती है। वहीं, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में 27



और 28 को भारी बारिश की सभावना है। आईएमडी का कहना है कि दक्षिण मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ और विदर्भ में ओलावृष्टि की संभावना।

ओडिशा, बंगास और सिक्किम, क्नाटक में अगले पांच दिन गंभीर लू की स्थिति बनी रह सकती है। इसके अलावा बिहार, झारखंड, आंध्र, यनम, तेलंगाना, रायलसीमा में अगले पांच और कर्नाटक में 26 तक लू की स्थिति बनी रहेगी। तमिलनाडु में आज और पूर्वी और पश्चिम यूपी में 28 तक और कोंकण में 28 तक गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी।

त्रिपुरा में लू की स्थिति के मद्देनजर सरकार ने आदेश जारी किया है कि राज्य के सभी स्कूल 24 से 27 अप्रैल तक बंद रहेंगे। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक बुलेटिन के मुताबिक, त्रिपुरा में बुधवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। एक अन्य अधिकारी ने बताया, ''पूरा राज्य लू की चपेट में है और यह स्थिति कुछ और दिनों तक जारी रहेगी। इस लू और उमस भरे मौसम को देखते हुए त्रिपुरा सरकार ने इसे राज्य की दृष्टि से विशिष्ट आपदा घोषित किया है।''

Rajasthan

## 8 दिन से बंद था दसवीं मंजिल का फ्लैट, अंदर थी 25 साल की युवती और उसकी बेटी, पुलिस ने गेट तोड़ा तो उड़ गए होश

**अलवर, (एजेंसी) राजस्थान में खैरथल जिले के टपूकड़ा की त्रिहान सोसाइटी में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां बिल्डिंग की दसवीं मंजिल पर एक फ्लैट में 25 वर्षीय महिला और उसकी चार साल की बेटी के शव मिले हैं. शव करीब 8 दिन पुराने बताए जा रहे हैं. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लैट के बाथरूम से शव निकलवाए. शव सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए हैं. मृतक महिला क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी. उसका पति फरार बताया जा रहा है.**

तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह ने बताया कि टपूकड़ा की त्रिहान सोसाइटी में बिहार के सिवान जिले की रहने वाली 25 वर्षीय आकांक्षा उर्फ ऋतु अपने पति निशांत पांडे और चार वर्षीय बेटी के साथ रहती थी. आकांक्षा यहां एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी. वह आठ दिन से बाहर नहीं निकली थी और न ही उसके परिजनों से उसकी बात हो पा रही थी.

Bihar

## पटना के पुनपुन में JDU लीडर सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित भीड़ ने जाम किया रोड

**पटना, (एजेंसी) बिहार की राजधानी पटना के पुनपुन में जेडीयू के युवा लीडर सौरभ कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस मामले के बाद आक्रोशित लोगों पटना-गया मार्ग जाम कर दिया. बता दें कि देर रात पुनपुन के एक शादी समारोह से वापस आते वक्त जेडीयू नेता की हत्या की गई. घटना की जानकारी मिलते ही पाटलिपुत्र की आरजेडी की प्रत्याशी और लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती ने पुनपुन पहुंचकर सौरभ कुमार के परिजनों से मुलाकात की.**

घटना स्थल पर पटना पुलिस की स्पेशल टीम जांच करने पहुंच गई है. मौके पर पहुंचे एसपी भरत सोनी ने बताया कि देर रात एक शादी समारोह से सौरभ अपने एक साथियों के साथ बढ़ईया कोल से लौट रहे थे. इसी दौरान पुनपुन के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें सौरभ के सिर में दो गोली लगी और उनके साथी मुनमुन को तीन गोली लगी. एसपी ने बताया कि गर्दन में दो गोली लगने से सौरभ कुमार की मौत हो गई. वहीं, उनके साथी मुनमुन घायल हैं और पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है.

New Delhi

## इंडिया गेट के पास आइसक्रीम विक्रेता को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में इंडिया गेट के पास एक आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभाकर (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार देर शाम एक आइसक्रीम विक्रेता पर चाकुओं से हमले की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभी हत्यारोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मृतक पर झगड़े के कारण चाकू से हमला किया गया था। मृतक के शरीर पर तीन घाव हैं, जिनमें से एक बहुत गहरा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

खेल

## ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, T20 में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने, विराट-अमला का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कप्तान ऋषभ पंत के 43 गेंद में नाबाद 88 रन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार विकेट पर 224 रन बना डाले। एक समय दिल्ली ने 44 रन पर तीन विकेट खो दिए थे, लेकिन अक्षर पटेल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 68 गेंद में 113 रन की शतकीय साझेदारी कर दिल्ली को उबारा। पंत अंतिम 5 ओवर में बेहद तेज खेले। अंतिम ओवर में उन्होंने चार छक्के और चौका लगाया। आखिरी पांच ओवर में दिल्ली ने 97 रन बनाए। अक्षर ने 66 रन बनाए यह उनका आईपीएल में सर्वाधिक स्कोर रहा, जबकि पंत ने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए।



**ऋषभ पंत का बड़ा विश्व रिकॉर्ड-** अपनी पारी के दौरान पंत ने एक टी20 मैच में एक गेंदबाज के खिलाफ एक बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय पंत ने अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की 18 गेंदों में 62 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल है। यह दुनिया भर में किसी भी टी20 मैच में किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ सिर्फ सबसे अधिक रन नहीं हैं, बल्कि किसी खिलाड़ी द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ एक ही पारी में 60+ रन बनाने का पहला रिकॉर्ड भी है।

वहीं, पंत आईपीएल इतिहास में विराट कोहली (उमेश यादव) और हाशिम अमला (लसिथ मलिंगा) के बाद किसी गेंदबाज के खिलाफ 50+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। पंत लीग के 17 सीजन के इतिहास में एक आईपीएल मैच में एक गेंदबाज के खिलाफ 50+ रन बनाने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी हैं। हालांकि, पंत ने विराट और अमला को पीछे छोड़ते हुए लीग में पहली बार किसी गेंदबाज के खिलाफ 60 से ज्यादा रन बनाए। विराट और अमला इस आंकड़े को नहीं छू पाए थे।

**मोहित के नाम अनचाहा रिकॉर्ड-** मोहित शर्मा ने चार ओवर में 73 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उन्होंने इसी के साथ एक अनचाहा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। वह आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड बसिल थम्पी के नाम था। उन्होंने 2018 में बेंगलुरु के खिलाफ 70 रन लुटाए थे।

**अक्षर-पंत ने संभाली पारी-** अक्षर पटेल ने राशिद खान पर चौका लगाकर 37 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 43 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 66 रन बनाए। वहीं, दूसरी ओर पंत का मोहित पर प्रहार जारी रहा। उन्होंने 18वें ओवर में छक्का लगाकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह पंत का आईपीएल में 18वां अर्धशतक रहा। पिछले मैच के मैन ऑफ द मैच साई किशोर को गिल 19वें ओवर में आक्रमण पर लाए, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स ने उन पर दो चौके और दो छक्के जड़े। इस ओवर में 22 रन आए।

**पंत ने बनाया रिकॉर्ड-** पंत ने 20वें ओवर में मोहित पर फिर छक्का लगा दिल्ली को दो सौ के पार कराया। पंत यहीं नहीं रुके उन्होंने तीसरी गेंद पर चौका और अगली तीन गेंदों पर फिर छक्के जड़ दिए। उन्होंने कुल आठ छक्के लगाए, जिसमें सात छक्के मोहित पर जड़े। इस ओवर में 31 रन आए। पंत 43 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे। पंत ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 19वां 50+ का स्कोर बनाया। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50+ का स्कोर बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

सिनेमा

## समंदर किनारे चारपाई पर दिए पोज, बॉयफ्रेंड की दुल्हनिया बनेंगी आरती



एक्ट्रेस आरती सिंह की शहनाई बजने वाली है. बॉयफ्रेंड दीपक चौहान संग ये 25 अप्रैल को सात फेरे लेंगी. शादी से पहले की सारी रस्में हो चुकी हैं. हल्दी, मेहंदी, संगीत नाइट तक खूब धूमधाम से सेलिब्रेट की गई है. सोशल मीडिया पर आरती खुद लगातार रस्मों का अपडेट्स अपने फैन्स को दे रही हैं. हाल ही में आरती ने खुद की मेहंदी फोटोज शेयर की हैं.

आरती और दीपक की वेडिंग काफी धूमधाम से होने वाली है. आरती ने जो मेहंदी फोटोशूट कराया है, वो समंदर के किनारे कराया है. एक चारपाई है, जिसके चारो कोनों को फूलों से सजाया गया है. इस सजावट के लिए पर्पल फ्लावर्स का इस्तेमाल किया गया है. आरती ने भी अपनी मेहंदी सेरेमनी में पर्पल आउटफिट पहना था. गोल्डन वर्क वाला शरारा कैरी किया था. आरती चारपाई पर बैठकर और खड़े होकर कैमरे में पोज देती नजर आ रही हैं. हाथों पर दीपक के नाम की मेहंदी लगी हुई नजर आ रही है, जिसे वो बखूबी फ्लॉन्ट भी कर रही हैं. इसी के साथ अगर इनकी जूलरी को लेकर बात करें तो गोल्डन आउटफिट के साथ मैचिंग जूलरी कैरी की.

## Highlights

1. **Bus returning from wedding ceremony overturns in UP, 20 injured**
2. **Ajit Pawar's wife Sunetra gets clean chit in alleged ₹25,000-crore bank scam**
3. **Madhavi Latha, BJP's candidate against Owaisi, declares ₹221-crore wealth**
4. **Indian donor's heart saves 19-year-old Pakistani girl's life**
5. **Arunachal CM advocates cultural unity on Gumkum Gumpa Festival**
6. **BJP MP Ram Shankar's wife Mridula to fight polls against him from UP**

# Meta CEO Mark Zuckerberg tells investors to stay patient: 'More ambitious on AI'

**NEW DEIHI, (Agency).** Mark Zuckerberg asked investors to stay patient after Meta revealed that it will spend billions of dollars more than expected this year owing to investments in artificial intelligence. Meta CEO said that the company's futuristic technological bets will eventually pay off.

"Smart investors see that the product is scaling and that there is a clear monetizable opportunity there even before the revenue materializes," he said during a conference call following Meta's first-quarter earnings report. He also warned that the investments would increase "meaningfully" and take a long time to generate returns for the company.




**What Mark Zuckerberg said on Meta's plans for AI?**

He said, "We've gotten more optimistic and ambitious on AI. We're at a place where we've shown that we can build leading models and be the leading AI company in the world. And that opens up a lot of additional opportunities beyond just ones that are the most obvious ones for us."

Meanwhile, Chief Financial Officer Susan Li said in a statement, "We expect capital expenditures will continue to increase next year as we invest aggressively to support our ambitious AI research and product development efforts."

**Meta's AI plans**

In recent months, Mark Zuckerberg has made AI a priority, as he has been refocussing Meta on the technology after OpenAI released its ChatGPT chatbot in 2022. The company announced plans for a new $800 million data center in January and is also developing its own chips for artificial intelligence services. Meta is also working on several new iterations of its large language model, known as Llama.

# JioCinema announces new ad-free premium plan for ₹29 a month. Will IPL continue to be available for free? Details

**NEW DEIHI, (Agency).** JioCinema cut prices for its premium content which includes Hollywood movies and TV shows. The subscription plans will start at ₹29 a month, streaming arm of broadcaster Viacom18 said.

How much have the prices been cut by JioCinema?

With this, the price has been cut by two-third as the earlier subscription priced these offerings at ₹99 a month or ₹999 a year. The plan was not ad-free.

Viacom18 Digital CEO Kiran Mani said, "With 4K streaming, best-in-class audio, offline viewing and no device restriction all at a customer-centric pricing is sure to democratise access to quality entertainment



for all of India."

What does the new plan include?

The new plan includes online and offline viewing in 4K quality for movies, TV series and kids programming on any device. This will be available in five languages and will be effective immediately. The company said that the plan offers ad-free content and access to exclusive series, movies, Hollywood, kids and TV entertainment on any device, including connected TVs.

What about family plan in JioCinema?

JioCinema also has a "family plan" at ₹89 a month which has an additional benefit of four simultaneous screen access while the company said that wxisting JioCinema premium members can avail additional benefits of the "family plan" at no extra cost.

What about IPL? Will it be free on JioCinema?

The ongoing Indian Premier League (IPL) will continue to be available for free as part of the platform's ad-supported offering, it said.

# बुजुर्ग महिला के गले से लूटी सोने की चेन, युवती का मोबाइल ले उड़े बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में लूट की घटनाओं तेजी के साथ बढ रही हैं। चोरों ने आधा दर्जन स्थानों पर वारदात को अंजाम दिया। दोपहिया सवार बदमाशों ने लसूडिय़ा इलाके में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूट ली वहीं पलासिया इलाके में एक युवती के हाथ से आरोपियों ने मोबाइल झपट लिया। उधर शहर में चार स्थानों पर चोरी की घटनाएं भी हो गई।**

लसूडिय़ा थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक लूट की वारदात स्कीम नंबर 114 पार्ट वन में बुजुर्ग महिला के साथ हुई। फरियादी पुष्पा पति रामकरण गोठवाल की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं घर के बाहर बैठी थी तभी दो अज्ञात बदमाश बाइक पर मेरे पास आए। पीछे बैठे युवक मुझे बोला आंटीजी ये मोबाइल फोन पर बात कर लो। ये कहकर आरोपी मेरे कान के पास मोबाइल फोन लाया तो मैंने उसको दूर किया। उसी दौरान बदमाश ने मेरे गले में पहनी चेन(10 ग्राम वजनी(कीमत 70 हजार रूपए) खींच ली और भाग गए। चेन खींचने के दौरान उसका ओम का पेंडेंट वहीं गिर गया था। पुलिस हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।इधर थाना पलसिया ने फरियादी गीता पति नवीन सोनी निवसी मनोरमागंज की रिपोर्ट पर अज्ञात स्कूटर सवार दो बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया है। वारदात सांच अपार्टमेंट के पास मनोरमागंज में हुई। फरियादी ने बताया कि मैंने बात करने के लिए जैसे ही मेरा आईफोन निकाला तभी पीछे से आए दो बदमाशों में से स्कूटर पर पीछे बैठे आरोपी ने फोन छीना और भाग गए। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

## वाहन चोर और खरीददार पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले बदमाश और उसे खरीदने वाले खरीददार को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए चोरी के 6 वाहन बरामद कर लिए गए हैं।**

डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि जोन में लगातार बढ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अलग अलग थानों में टीम गठित की गई है। इसी कड़ी में एसीपी परदेशीपुरा(आईपीएस) नरेंद्र रावत के नेतृत्व में वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए एक टीम गठित की गई जिसमें एमआईजी थाना प्रभारी मनीष लोधा भी शामिल थे। पुलिस टी मने मुखबिर की सूचना पर वाहन चोर अजय उर्फ अ'ू पिता देवीलाल चौरसिया निवसी हीरानगर को गिर तार किया और पूछताछ में उसने सुनील पिता रूपनारायण चौबे निवासी मालवीय नगर को बेचना बताया। इस पर पुलिस ने उसे भी गिर तर कर लिया। दोनों बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए 6 दोपहिया वाहन जब्त कर लिए हैं जिसकी कीमत करीब तीन लाख रूपए बताई जा रही है। चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## केक खाते ही बिगड़ी युवती की तबीयत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा पुलिस ने केक खाने के बाद बीमार हुई युवती की शिकायत पर जि मेदारों के खिलाफ केस दर्ज किया है। राधिका विहार मानसरोवर रोड जयपुर में रहने वाली गरिमा सोमानी ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि निरंजनपुर रोड पर स्थित होटल ब्लुटिक पर उसने ब्राउनी केक लिया और उसे खाने के बाद अचानक घबराहट होने लगी और उसके पैर सुन्न होने लगे। उसी समय वहां पहुंचा रिक्शा चालक उसे नजदीकी अस्पताल लेकर गया जंहा डाक्टरों ने उसका इलाज किया जिससे उसकी जान बच गई। पीड़िता ने बाद में अपने मौसी के लडक़े को अस्पताल बुलाया और वहां स सीधे पुलिय की शरण में पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए होटल ब्लुटिक के मोहन,धर्मेंद्र गौर और कार्तिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## फायर कर दहशत फैलाने वाला बदमाश धराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आजाद नगर पुलिस ने कट्टे से फायर कर दहशत फैलाने वाले बदमाश को गिर तार कर लिया है। पुलिस ने उस पर कई धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आजाद नगर थाना प्रभारी नीरज मेढा ने बताया कि 22 अप्रैल को आजाद नगर थाना क्षेत्र के शिव नगर मूसाखेड़ी में रहने वाली नाबालिग लडक़ी मौसी के साथ थाने पहुंची और आरोपी राज के द्वारा कट्टे से फायर करना बताया। घटना के बाद से सभी दहशत में थे। इस पर बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राज गोयल विासी त्रषि पैलेस कालोनी को गिर तार कर लिया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त कट्टा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## करंट लगने से मिस्त्री की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मिस्त्री की करंट से मौत हो गई। मृतक दिनेश रूकडिय़ा निवासी सिमरोल है। साथी कर्मचारी ने पुलिस को बताया कि काम के दौरान मचान के पास से गुजर रहे बिली के तार से उसका हाथ छू गया था। इससे करंट लगा और जमीन पर गिर पड़ा। हास्पिटल ले गए तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## बम फैक्ट्री में झुलसे तीसरे मजदूर की भी हुई मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू थाना क्षेत्र के आंबाचंदन गांव में बम फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद लगी आग में तीन मजदूर झुलस गए थे। हादसे के बाद तीनों मजदूरों का इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था लेकिन एक एक कर तीनों मजदूरों ने दम तोड़ दिया। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि महू के समीप आंबाचंदन गांव में एक रस्सी बम बनाने की फैक्ट्री में बम बनाते वक्त बारूद में अचानक आग लग गई थी जिसमें तीन मजदूर बुरी तरह झुलस गए थे। घनटा के समय उमेश चौहान, रोहित परमानंद और अर्जुन राठौर को इंदौर दके निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन मंगलवार को अर्जुन ने भी दम तोड़ दिया। तीनों की हालत शुरूआत से ही नाजुक थी। घटना में फैक्ट्री मालिक मोह मद शाकिर खान को गिर तार किया जा चुका है।

## आईफोन लेकर भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। पलासिया इलाके में बदमाशों ने निजी कंपनी में काम करने वाले युवक का आई फोन लूट लिया। पुलिस के मुताबिक गीत सोनी निवासी दीपशिखा अपार्टमैंट ने बताया कि वह अपने मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था। तभी एक्टिवा से आए दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने हाथ पर झपट्टा मारा ओर मोबाइल लूट कर भाग गए। पुलिस ने सूचना के बाद आरोपियों के फुटेज देखे। जिसमें वह बड़वानी प्लाजा के यहां कैमरों में कैद हुए हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## गांजे के साथ पकड़ाए दो बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बेटमा इलाके में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों को पकड़ा। तलाशी में इनके पास से सात किलो 700 किलोग्राम ब्राउन गांजा बरामद हुआ। थाना बेटमा पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पुलिस ने टीम ने जीवन 'योति कालोनी में मोबाइल टावर के पास घेराबंदी की। पकड़े गए आरोपियों के नाम पंकज निवासी ग्राम औरंगपुरा हाल मुकाम सागौर जिला धार और देवराम उर्फ देवराज निवासी आजाद नगर चौराहा पीथमपुर है। तलाशी में इनके पास दो किलो 700 ग्राम अवैध गांजा पाया गया जिसकी कीमत 27 हजार रूपए है। पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली।

## घर में घुसकर छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बडग़ोंदा थाना इलाके में एक आरोपी ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने आरोपी राजेश निवासी रायसेन रोड भोपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उसने बताया कि आरोपी नशे की हालत में उसके घर पर घुस गया और उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया था। विरोध किया तो मारपीट कर दी। इसी तरह देपालपुर पुलिस ने भी एक ग्राम में विवाविहता के साथ छेड़छाड़ में आरोपी मुरली पर केस दर्ज किया है।

## मारपीट कर फोड़े कार के कांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिया इलाके में मामूली बात पर हुए विवाद में लोडिंग वाहन चालक उसके साथी ने कार सवार के साथ मारपीट की और कार के कांच फोड़ दिए। थाना लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना यूनियन बैंक के सामने निपानिया में हुई। फरियादी आदित्य यादव निवासी लसूडिय़ा मोरी की रिपोर्ट पर लोडिंग क्रमांक एमपी 09 जेडपी 0&94 के चालक व उसके साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी गाड़ी खड़ी कर दुकान से कुछ सामान लेने जा रहा था जिससे आने जाने वालों को दिक्कत हो रही थी। मैंने बोला कि भैया आपकी गाड़ी थोड़ी आगे कर लो। जिससे मैं अपनी गाड़ी निकाल लूं। इसी बात पर से आरोपी चालक गालियां दी और अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट की। मैं अपनी कार बढाने लगा तो दोनों ने कार के कांच फोड़ दिए। बोले कि आइंदा हमसे उलझा तो जान से खत्म कर देंगे।

## आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में एक आरोपी ने आपसी विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम मोहित पिता रमेश चौधरी निवासी नई जीवन की फैल है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। हमला बड़े नाले के पास हुआ। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने रास्ते में रोका और गालियां दी फिर चाकू से वार कर भाग गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक